RAF SECTOR
NEWS CLIP
22/10/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik lok Mitra, Phaphamau, (UP)

आर ए एफ कैंप में पुलिस शहीद स्मृति दिवस मनाया गया

फाफामऊ। 101आर ए एफ कैंप परिसर में परंपरागत तरीके से पुलिस शहीद स्मृति दिवस मनाया गया। आर ए एफ कमांडेंट श्री मनोज कुमार गौतम ने शहीद पुलिस कर्मिको की देश के लिए दी गई कुर्बानियों को याद किया व उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर कमांडेंट महोदय ने सभी अधिकारियों एवं जवानों को संबोधन करते हुए कहा की आज के ही दिन सन 1959 में सी आर पी एफ की तीसरी बटालियन की एक कंपनी के 21जवानों ने हॉट स्प्रिंग पोस्ट पर चीनी सेना से डटकर मुकाबला किया और उनके आक्रमण को विफल किया।इस मुकाबले में सी आर पी एफ के 10 जवानों ने शहादत दी जिसके कारण समस्त भारत में इस दिन को पुलिस दिवस के रूप में मनाया जाता है।

कमांडेंट महोदय ने सभी शहीदों को नमन करते हुए उनकी वीरता का बखान किया।और सी आर पी एफ के शहीद हुए कार्मिकों के नाम पढ़कर सुनाए।कार्यक्रम में शहीदों के लिए शहीद स्मारक पर पुष्पाहार किया गया और दो मिनट का मौन रखा गया।इस कार्यक्रम में श्री प्रेमजीत कुमार,श्री बृजेश कुमार दुबे,डा.अशोक कुमार,श्री गोपाल राम,सभी अधिकारीगण अधीनस्थ अधिकारीगण तथा वाहिनी के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

Hindustan, Meerut, (UP)

रैपो में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

मेरठ। द्रुत कार्य बल लोक व्यवस्था अकादमी वेदव्यासपुरी में शुक्रवार को पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया और शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। भारत-चीन सीमा पर हॉटस्प्रींग में वर्ष 1959 में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स के 10 वीर जवानों की स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है। रैपो के डीआईजी अखिलेश कुमार सिंह और बाकी अधिकारी मौजूद रहे। उप कमांडेंट श्यामलाल, सदाराम सिंह, नीरज कुमार झा, गोविंद सिंह नेगी, अजीत रहे।

Gujarat Vaibhav, Ahmedabad, (GUJ)

आरएएफ ने किया पुलिस शहीदों को याद

अहमदाबाद। वस्त्राल स्थित द्रुत कार्य बल की 100वीं वाहिनी मुख्यालय ने पुलिस शहीद स्मरण दिवस मनाया। इस अवसर पर कमाण्डेन्ट महोदय गोविन्द प्रसाद उनियाल ने सितम्बर 2021 से अगस्त 2022 तक देश की सेवा करते समय अपने कर्तव्य निष्ठा का पालन करते हुये प्राणों की आहूति देने वाले वीर शहीद पुलिस जवानों को नाम पढ़कर उन्हे याद किया। इनमें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल व अन्य पुलिस बलों के जवानों के साथ सभी राज्यों के पुलिस कर्मी शामिल है। इस अवसर पर 100वीं बटालियन के

सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन शहीदों को श्रद्धांजली अर्पित किया। कमाण्डेन्ट महोदय ने कहा की इस पुलिस स्मरण दिवस को हर साल 21 अक्तूबर को पुरे भारत मे सभी पुलिस / फोर्स द्वारा मनाया जाता है। इस दिवस का महत्व बताते हुये गोविन्द प्रसाद उनियाल, कमाण्डेन्ट महोदय ने कहा की बर्ष 1959 में आज ही के दिन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का एक ग्रुप उप निरीक्षक करम सिंह के नेतृत्व में लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में तैनात था, जिस पर चीनी सैनिकों द्वारा हमला किया गया था।

Dainik haskar, Jamshedpur, (JKD)

वीर रस की कविताओं से जवानों में भरा जोश

■ रैफ 106 में कवि सम्मेलन

जमशेदपुर. पुलिस स्मृति दिवस की पूर्व संध्या पर रैफ 106 परिसर के मेंस क्लब में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. इसका उद्‌घाटन ग्रुप केंद्र के पुलिस उप महानिरीक्षक संजय कुमार और रैफ 106 के कमांडेंट डॉ निशीत कुमार ने किया. हास्य कवि दीपक वर्मा, शैलेंद्र पांडेय, गजलकार संतोष कुमार चौबे ने कई कविताएं प्रस्तुत कर जवानों का खूब मनोरंजन किया. कवयित्री पूनम महानंद और अंकिता सिन्हा ने रचनाओं के रस एवं माधुर्य से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया. वहीं, लता मानकर, स्नेह रॉय, सूरज सिंह ने भी लोगों का मन लुभाया. कमांडेंट डॉ निशीत कुमार ने रैफ और सीआरपीएफ में हिंदी में हो रहे कार्यों एवं राजभाषा को बढ़ावा देने के संबंध में जानकारी दी. स्वागत भाषण द्वितीय कमान अधिकारी सच्चिदानंद मिश्र ने दिया, जबकि मंच संचालन कवि कुमार संजय ने किया.

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

दिनांक 21/10/2022 को 100 वी वाहिनी द्रुत कार्य बल मे "पुलिस शहिद स्मृति दिवस" के अवसर पर श्री गोविंद प्रसाद उनियाल कमांडेण्ट द्वारा शहिद स्मारक पर शहिदों को श्रध्दांजली दी गई।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।